आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 21.08.2026 समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क–मुक्त आयात की अनुमति दी।
- कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्र से तिलवाड़ा–गुप्तकाशी मोटर मार्ग को दो लेन में विकसित करने का आग्रह किया।
- ऊधमसिंह नगर में एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी; किसानों से भारत ऐप के माध्यम से पंजीकरण कराने की अपील।
- प्रदेश में 26 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना; ऊधमसिंह नगर के स्कूलों में आज अवकाश।
- और... राष्ट्रीय खेल दिवस पर टिहरी में 28 और 29 अगस्त को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

**चीनी**

केंद्र सरकार ने इस वर्ष 31 अक्टूबर तक 10 लाख मीट्रिक टन तक कच्ची चीनी के शुल्क रहित आयात को इजाज़त दे दी है। महानिदेशक विदेश व्यापार ने कल जारी एक सूचना में कहा कि कुछ शर्तों के साथ, 10 लाख मीट्रिक टन कच्ची चीनी का शुल्क के बगैर आयात किया जा सकेगा। यह फ़ैसला त्योहारों के मौसम से पहले लिया गया है, जब आम तौर पर चीनी की मांग बढ़ जाती है। घरेलू बाज़ार में आपूर्ति को लेकर चिंता के बाद ये निर्णय लिया गया है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है।

**नई दिल्ली**

प्रमुख नदियों में वैज्ञानिक तरीके से ड्रेजिंग और बाढ़ सुरक्षा उपायों के लिए नई दिल्ली में बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यास, रावी, भागीरथी, अलकनंदा और तीस्ता सहित प्रमुख नदियों के लिए संयुक्त कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

श्री महाराज ने कहा कि उत्तरकाशी से गंगोत्री के बीच करीब 100 किलोमीटर का क्षेत्र पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील है। इसके लिए उन्होंने नदी किनारे स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग की ऊंचाई बढ़ाने का सुझाव दिया।

साथ ही हर्षिल के निकट कृत्रिम झील से राष्ट्रीय राजमार्ग–34 की सुरक्षा के लिए करीब 600 मीटर क्षेत्र में सड़क को एक से डेढ़ मीटर तक ऊंचा उठाने की आवश्यकता बताई।

बैठक में श्री महाराज ने रेल परियोजनाओं में बनने वाली निकासी सुरंगों को कम से कम दो लेन के मोटर वाहन यातायात के लिए उपयोगी बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने तिलवाड़ा–मायली–गुप्तकाशी मोटर मार्ग को भी दो लेन में विकसित करने का अनुरोध किया।

## सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने विद्यार्थियों के लिए सीबीएसई की त्रि–भाषा नीति के कई पहलुओं पर सवाल उठाए है। इनमें पाठ्यपुस्तकों और शिक्षकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों पर बोझ और स्कूलों में इस नीति को लागू करने का तरीका शामिल है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायामूर्ति वी. मोहना की पीठ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सीबीएसई की त्रि–भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

## धान खरीद

उधमसिंह नगर जिला प्रशासन ने जिले में धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में आगामी एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी। इसके लिए जुलाई माह से अब तक भारत ऐप के माध्यम से एक हजार 863 किसान अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने किसानों से समय रहते पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पर धान खरीद के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए विकासखंड स्तर पर उड़न दस्तों का गठन किया जाएगा।

## मानव–वन्यजीव संघर्ष

अल्मोड़ा जिले में मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहे लोगों के अनुभवों और व्यावहारिक सुझावों पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मानव–वन्यजीव संघर्ष पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बड़ी चुनौती है। इसके समाधान के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी उपायों को पायलट परियोजना के रूप में लागू करने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पायलट परियोजना के सफल उपायों को अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

## निरीक्षण

बागेश्वर की जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे ने पिंडर घाटी के दुर्गम क्षेत्रों का दौरा कर सड़क, यातायात और आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मार्गों को सुरक्षित और सुचारु करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्थानीय लोगों से विद्युत, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि पिंडर घाटी में स्थानीय संसाधनों और पर्यटन की संभावनाओं का बेहतर उपयोग कर रोजगार के नए अवसर विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी 26 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। अगले तीन दिनों तक गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। आज ऊधमसिंह नगर, टिहरी, देहरादून, बागेश्वर, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने आमजन से गाड़–गदेरों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही, अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में बारिश और भूस्खलन से लगभग 107 सड़के अवरूद्ध हैं।

इस बीच, ऊधमसिंह नगर जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

## खेल प्रतियोगिताऐं

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर टिहरी जिले में 28 और 29 अगस्त को विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बौराड़ी स्टेडियम में ओपन बालक वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता होगी। वहीं, मुनिकीरेती के श्री पूर्णानंद स्टेडियम में जूनियर बालक वर्ग की हॉकी और ओपन बालक वर्ग की हैंडबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

जिला खेल कार्यालय ने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की अपील की है। प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

कांग्रेस के वंदे मातरम् गायन विवाद पर सत्ता पक्ष की प्रतिक्रिया को आज सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान सीएम धामी के हवाले से लिखता है– वंदेमातरम् पर कांग्रेस की देश विरोधी सोच फिर बेनकाब।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाककृष्णन के मसूरी में आईएएस प्रशिक्षुओं से संवाद दौरे पर अमर उजाला का शीर्षक है– सेवाभाव और कर्तव्यबोध को बनाएं मार्गदर्शक मंत्र

राजधानी देहरादून में भारत–नेपाल ग्रुप मीटिंग पर अमर उजाला की सुर्खी है– भारत–नेपाल की सीमा पर रुकेंगे अपराध, चलेगा संयुक्त अभियान

दिल्ली मास्टर प्लान पर नवोटय टाइम्स लिखता है– दिल्ली होगी अब और ऊंची, मास्टर प्लान 2047 पर लगी मुहर